प्रादेशिक समाचार

दिनांक–08.11.2024 (सुबह 08:30 बजे)

मुख्य समाचार

- झारखंड में 13 नवंबर को होने वाले पहले चरण के मतदान को लेकर चुनाव प्रचार जोरों पर।
- कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी आज लोहरदगा और सिमडेगा में दो चुनावी जनसभा को करेंगे संबोधित, कल भाजपा के वरिष्ठ नेता अमित शाह छतरपुर, हजारीबाग और पोटका में करेंगे सभा।
- झारखंड भाजपा प्रभारी शिवराज सिंह चौहान और केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह एनडीए उम्मीदवारों के पक्ष में लोगों से वोट देने की करेंगे अपील।
- सर्वोच्च न्यायालय ने कहा – सरकारी नौकरियों के भर्ती नियमों में बीच में किसी तरह का फेरबदल नहीं किया जा सकता।
- उदीयमान भगवान भास्कर को अर्घ्य अर्पित करने के साथ चार दिवसीय लोक आस्था का महापर्व छठ संपन्न।

*****************

झारखंड विधानसभा चुनाव में 13 नवंबर को होने वाले पहले चरण के मतदान को लेकर चुनाव प्रचार जोरों पर है। एनडीए और इंडी गठबंधन के नेता अपनी–अपनी पार्टियों के समर्थन में धुआंधार चुनाव प्रचार में जुटे हुए हैं। झामुमो के कार्यकारी अध्यक्ष और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने भाजपा की डबल इंजन की सरकार पर गरीबों के साथ अन्याय करने का आरोप लगाया।

श्री सोरेन ने खूंटी के तोरपा में पार्टी प्रत्याशी के समर्थन में चुनावी सभा को संबोधित करते हुए भाजपा पर केन्द्रीय एजेंसियों के दुरूपयोग का भी आरोप लगाया।

इधर प्रदेश भाजपा के अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने हेमंत सोरेन के बयान पर पलटवार किया है। उन्होंने सोशल मीडिया के जरिए प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि हेमंत सोरेन के नेतृत्ववाली सरकार में भ्रष्टाचार चरम पर है। श्री मरांडी ने कहा कि भ्रष्टाचारियों और उन्हें बचानेवालों के खिलाफ जांच एजेंसी कार्रवाई करेगी।

*****************

झारखंड में चुनाव प्रचार आज से और तेज हो जायेगा। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी आज झारखंड आयेंगे और सिमडेगा और लोहरदगा में चुनावी रैली करेंगे। इधर भाजपा के वरिष्ठ नेता और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह 9 नवंबर को झारखंड आयेंगे। श्री शाह छतरपुर, हजारीबाग और पोटका में एनडीए के पक्ष में चुनाव प्रचार करेंगे। साथ ही जमशेदपुर में उनका रोड शो भी होगा।

पार्टी के वरिष्ठ नेता और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी प्रचार के सिलसिले में दूसरी बार दस नवंबर को चुनावी दौरे पर झारखंड आयेंगे। वे गुमला और बोकारो में एनडीए प्रत्याशियों के पक्ष में चुनावी सभा को संबोधित करेंगे। रांची में उनका रोड शो भी होगा।

*****************

झारखंड में भाजपा के चुनाव प्रभारी और केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान आज पूर्वी सिंहभूम जिले के चाकुलिया में जनसभा को संबोधित करेंगे। श्री चौहान दोपहर 12 बजे के बाद चक्रधरपुर में और ढाई बजे से नोवामुंडी में जनसभा करेंगे। वहीं भाजपा के चुनाव सह प्रभारी हिमंता बिस्वा सरमा आज सरायकेला खरसावां जिले में जनसभा को संबोधित करेंगे। श्री सरमा सिमडेगा और रांची के बुढ़मू प्रखंड के ठाकुरगांव में भी जनसभा करेंगे।

इधर केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह जमशेदपुर और सरायकेला खरसावां में एनडीए उम्मीदवारों के पक्ष में वोट की अपील करेंगे।

*****************

झारखंड विधानसभा चुनाव के राजनीतिक परिदृश्य पर आकाशवाणी समाचार की विशेष श्रृखंला में आज बात होगी लातेहार जिले की, जहां पहले चरण में 13 नवंबर को मतदान होना है।

*****************

आकाशवाणी के ताजातरीन समाचारों के लिए आप हमारी
वेबसाईट news on air.gov.in पर लॉग ऑन कर सकते हैं।
ताजा समाचार एक्स हैंडल @AIR news alerts और फेसबुक पेज
All India Radio news पर भी उपलब्ध है।
आप प्रादेशिक समाचार एकांश के एक्स हैंडल
@AIR news अंडर स्कोर_ranchi
और
फेसबुक, इंस्टाग्राम पेज तथा
YOUTUBE Channel AIR NEWS Ranchi
पर भी हमारे बुलेटिन सुन सकते है।
*****************

निर्वाचन आयोग ने सभी राजनीतिक दलों से झारखंड में विधानसभा चुनाव के प्रचार के दौरान आदर्श आचार संहिता का सख्ती से पालन करने को कहा है। रांची में इन दलों के प्रतिनिधियों के साथ एक बैठक में राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारी के. रवि कुमार ने मतदाताओं से झूठे वादे कर उन्हें गुमराह करने से बचने की सलाह दी। उन्होंने चुनावी सभाओं के दौरान व्यक्तिगत हमले से बचने और प्रचार के दौरान अभद्र भाषा का प्रयोग नहीं करने को भी कहा।

*****************

दुमका, पाकुड़ और गोड्डा में पोस्टल बैलेट के माध्यम से मतदान 11 नवंबर से शुरू होगा।

*****************

उच्चतम न्यायालय ने कहा है कि सरकारी नौकरियों में भर्ती के निर्धारित नियमों में किसी प्रकार का फेर–बदल नहीं किया जा सकता। न्यायालय ने व्यवस्था दी है कि चयन में नियम मनमाने नहीं होने चाहिए और संविधान के अनुच्छेद–14 के अनुरूप होने चाहिए।

*****************

चार दिवसीय छठ महापर्व के चौथे और अंतिम दिन आज उदीयमान भगवान भास्कर को अर्घ्य अर्पित किया गया। इसके साथ ही चार दिवसीय महापर्व आज संपन्न हो गया।
इस दौरान डैम, नदी और तालाबों में आस्था का जनसैलाब उमड़ा। इस अवसर पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि छठ महापर्व प्रकृति, कृतज्ञता, सामाजिक और पारिवारिक एकता का प्रतीक है। उन्होंने राज्यवासियों के कल्याण के साथ–साथ सुख, समृद्धि, खुशहाली की कामना की।

*****************

डिजिटल अखबरों की सुर्खियां

विभिन्न अखबारों के डिजिटल संस्करण में झारखंड में चुनाव प्रचार को लेकर स्टार प्रचारकों के बीच आरोप–प्रत्यारोप की खबर को प्रमुखता दी है। इसके अलावा
प्रभात खबर ने लिखा है– चुनाव के दौरान भी विभिन्न पार्टियों से दलबदल जारी।
दैनिक भास्कर ने लिखा है – ईसाई बहुल क्षेत्र सिमडेगा से राहुल गांधी करेंगे चुनावी सभा की शुरूआत।
हिन्दुस्तान ने लिखा है– चिराग पासवान की पार्टी ने घोषणा पत्र में रांची, टाटा और धनबाद में मेट्रो सेवा शुरू करने का किया वादा।
दैनिक जागरण की सुर्खी है– लोहरदगा सीट पर आजसू और कांग्रेस की प्रतिष्ठा दावं पर।

****************